# पाठ 3. संश्लेषित तन्तु एवं प्लास्टिक

**अध्याय-समीक्षा :**

- कपड़े प्राकृतिक अथवा कृत्रिम स्रोतों से प्राप्त रेशों से बनाये जाते हैं |
- रेशे दो प्रकार के होते हैं | (i) प्राकृतिक रेशा (ii) कृत्रिम रेशा |
- प्राकृतिक रेशे, जैसे कपास, पटसन, ऊन एवं रेशम आदि पौधों अथवा जंतुओं से प्राप्त होते हैं |
- जिन रेशों को मनुष्य स्वयं बनाता है उसे संश्लेषित या कृत्रिम अथवा मानव निर्मित रेशे कहते है | जैसे- नायलॉन, पोलिएस्टर , टेरीकॉट आदि |
- रासायनिक पदार्थों की अनेक छोटी-छोटी इकाइयाँ मिलकर एक बड़ी एकल ईकाई बनाते हैं जो बहुलक कहलाती है | इसे पॉलीमर भी कहते हैं |
- कपास भी एक प्राकृतिक बहुलक है जो सेलुलोज से बना है | सेलुलोज बड़ी संख्या में ग्लूकोज ईकाइयों द्वारा निर्मित होता है |
- सेलुलोज एक विशेष प्रकार का कार्बोहाइड्रेट्स है जो प्राकृतिक रूप से पेड़-पौधों में पाया जाता है |
- रेयान एक प्रकार का कृत्रिम रेशम है जिसे काष्ठ लुगदी के रासायनिक उपचार से प्राप्त किया जाता है |
- रेयान को कपास के साथ मिलाकर बिस्तर की चादरें बनाते हैं अथवा ऊन के साथ मिलकर कालीन या गलीचा बनाते हैं |
- नायलॉन भी एक कृत्रिम रेशा है जो इतना मजबूत होता है कि इससे नायलॉन पैराशूट और चट्टानों पर चढने हेतु रस्से बना सकते है |
- नायलॉन का निर्माण कोयला, जल और वायु से किया जाता है |
- पोलिएस्टर एक अन्य प्रकार का संश्लेषित रेशा है | इसका उपयोग वस्त्र निर्माण में किया जाता है |
- ऐक्रिलिक एक अन्य प्रकार का संश्लेषित रेशा है जो ऊन से जैसा दिखाई देता है | लेकिन यह कृत्रिम ऊन है |
- संश्लेषित रेशों के गुणधर्म: ये शीघ्र सूखते हैं, अधिक चलाऊ होते हैं, कम महंगें होते हैं, असानी से उपलब्ध और रख-रखाव में सुविधा जनक होते हैं |
- संश्लेषित रेशों की तरह प्लास्टिक  भी एक बहुलक (Polymer) है | जिसे कोई भी आकार दिया जा सकता है | इसका पुन: चक्रण भी हो सकता है |
- ऐसा प्लास्टिक जो गर्म करने पर असानी से विकृत हो जाता है और सरलतापूर्वक मुड़ जाता है, थर्मोप्लास्टिक कहलाता है | उदाहरण - पोलिथीन और पीवीसी (PVC) आदि |
- थर्मोप्लास्टिक प्लास्टिक का उपयोग खिलौने, कंघियाँ और विभिन्न प्रकार के पात्रों के बड़े पैमाने पर निर्माण हेतु किया जाता है |
- जिन प्लास्टिकों को ऊष्मा देकर नर्म नहीं किया जा सकता हो उसे थर्मोसेटिंग प्लास्टिक कहते है | उदाहरण- बैकेलाइट और मेलामाइन आदि |
- बैकेलाइट ऊष्मा एवं विद्युयत का कुचालक है ।लिए इसका उपयोग कुकर के हत्थों और बिजली के स्विच आदि बनाने में किया जाता है |
- मेलामाइन एक बहुउपयोगी पदार्थ है जो आग का प्रतिरोधक है तथा अन्य प्लास्टिक की अपेक्षा इसमें ऊष्मा को सहने की अधिक क्षमता होता है | इसका उपयोग फर्श की टाइल्स, रसोई के बर्तन और आग रोधी कपड़े बनाने में किया जाता है |
- आग बुझाने वाले कर्मचारियों के परिधानों पर मेलामाइन की परत चढ़ी होती है जो उसे अग्निरोधक बनाती है |
- प्लास्टिक वायु और जल से अभिक्रिया नहीं करते हैं |
- प्लास्टिक ऊष्मा एवं विद्युयत का कुचालक है, इसलिए बिजली के तार प्लास्टिक से ढके होते हैं|
- टेफ्लॉन एक विशिष्ट प्रकार का प्लास्टिक है जिस पर तेल और जल चिपकता नहीं है | इसलिए इसका उपयोग भोजन पकाने के पात्रों पर न चिपकने वाली परत के रूप में किया जाता है |
- माइक्रोवेव ओवन में भोजन पकाने के लिए विशिष्ट प्लास्टिक पात्र उपयोग में लिए जाते हैं | जिन पर ऊष्मा का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है | ऊष्मा भोजन को तो पका देती है, परन्तु प्लास्टिक पर प्रभाव नहीं डाल पाती है |
- वह पदार्थ जो प्राकृतिक प्रक्रिया, जैसे जीवाणुओं की क्रिया द्वारा अपघटित हो जाता है, जैव निम्नीकरणीय कहलाता है |
- वह पदार्थ जो प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा सरलता से विघटित नहीं होता, जैव अनिम्नीकरणीय कहलाता है |
- पर्यावरण में प्लास्टिक विघटित नहीं होता यह कई वर्षो तक बना रहता है जो पर्यावरण प्रदुषण का कारण बनता है |
- 4 R जो पर्यावरण हितैषी है : उपयोग कम करिए (Reduce), पुन: उपयोग करिए (Reuse), पुन:चक्रण और पुन: प्राप्ति |

**अभ्यास:**

**Q1.** **कुछ रेशे संश्लेषित क्यों कहलाते हैं?**

**Q2.** **सही उत्तर को चिन्हित (✓) कीजिए-**

**रेयॉन एक संश्लेषित रेशा नहीं है, क्योंकि:**

**(क) इसका रूप रेशम समान होता है।**

**(ख) इसे काष्ठ लुगदी से प्राप्त किया जाता है।**

**(ग) इसके रेशों को प्राकृतिक रेशों के समान बुना जा सकता है।**

**Q3.** **उचित शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**(क) संश्लेषित रेशे अथवा रेशे भी कहलाते हैं।**

**(ख) संश्लेषित रेशे कच्चे माल से संश्लेषित किये जाते हैं, जो कहलाता है।**

**(ग) संश्लेषित रेशे की भांति प्लास्टिक भी एक है।**

**Q4.** **नाइलॉन रेशों से निर्मित दो वस्तुओं के नाम बताइए जो नाइलॉन रेशे की प्रबलता दर्शाती हों।**

**Q5.** **खाद्य पदार्थों का संचयन करने हेतु प्लास्टिक पात्रों के उपयोग के तीन प्रमुख लाभ बताइए।**

**Q6.** **थर्मोप्लास्टिक और थर्मोसेटिंग प्लास्टिक वेफ मध्य अन्तर को स्पष्ट कीजिए।**

**Q7.** **समझाइए, थर्मोसेटिंग प्लास्टिक से निम्नलिखित क्यों बनाये जाते हैं-**

**(क) डेगची के हत्थे**

**(ख) विद्युयत प्लग/स्विच/प्लग बोर्ड**

**Q8.** **निम्नलिखित पदार्थों को ''पुनः चक्रित किये जा सकते हैं'' और '' पुनः चक्रित नहीं किये जा सकते हैं'' में वर्गीकृत कीजिए -**

**टेलीफोन यंत्र, प्लास्टिक खिलौने, कुक्कर के हत्थे, सामग्री लाने वाले थैले, बाल प्वाइंट पेन, प्लास्टिक के कटोरे, विद्युयत तारों के प्लास्टिक आवरण, प्लास्टिक की कुर्सियाँ, विद्युयत स्विच।**

**Q9.** **राणा गर्मियों के लिए कमीशें खरीदना चाहता है। उसे सूती कमीशें खरीदनी चाहिए या संश्लेषित? कारण सहित राणा को सलाह दीजिए।**

**Q10.** **उदाहरण देकर प्रदर्शित कीजिए कि प्लास्टिक की प्रकृति असंक्षारक होती है।**

**Q11.** **क्या दाँत साफ़ फ करने के ब्रुश का हैन्डल और शूक (ब्रिस्टल) एक ही पदार्थ के बनाने चाहिए? अपना उत्तर स्पष्ट करिए।**

**Q12.** **"जहाँ तक सम्भव हो प्लास्टिक के उपयोग से बचिए", इस कथन पर सलाह दीजिए।**

**Q13.** **कॉलम A के पदों का कॉलम B में दिए गए वाक्य खण्डों से सही मिलान करिए।**

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| पॉलिएस्टर | काष्ठ लुगदी का उपयोग कर तैयार किया जाता है। |
| टेफ्लान | पैराशूट और मोजा बनाने में उपयोग किया जाता है। |

| | |
|---|---|
| रेयॉन<br><br>नाइलॉन | न चिपकने वाले भोजन बनाने के पात्रों के निर्माण में उपयोग में लाया जाता है।<br><br>कपड़े में आसानी से बल नहीं पड़ते। |

**Q14. ''संश्लेषित रेशों का औद्योगिक निर्माण वास्तव में वनों के संरक्षण में सहायक हो रहा है।'' टिप्पणी कीजिए।**

**Q15. यह प्रदर्शित करने हेतु एक क्रियाकलाप का वर्णन करिए कि थर्मोप्लास्टिक विद्युत का कुचालक है।**

## अतिरिक्त प्रश्नोत्तर:

**प्रश्न - कपडे कितने प्रकार से प्राप्त रेशों से बनता है ?**

उत्तर - 1. प्राकृतिक रेशे 2. कृत्रिम रेशे ।

**प्रश्न - कुछ प्राकृतिक रेशों एवं उनके स्रोतों के नाम लिखिए।**

उत्तर -

1. कपास - पौधों से
2. ऊन - जंतुओं से
3. रेशम - जंतुओं से

**प्रश्न - संप्लेषित रेशे किसे कहते है ?**

उत्तर - ऐसे रेशे जो मनुष्य स्वयं तैयार करता है संप्लेषित रेशे कहलाते है।

**प्रश्न - रेयॉन क्या है ? इसे कृत्रिम रेशम क्यों कहते है ?**

उत्तर - रेयॉन रेशम के समान गुणों वाला रेषा है जिसे वैज्ञानिकों के द्वारा काष्ठ लुगदी के रासायनिक उपचार से प्राप्त किया गया रेषा हैं । चूंकि रेयॉन रेशम के समान बुना जा सकता है और गुण भी समान होते है इसलिए रेयॉन को कृत्रिम रेशम कहते है।

**प्रश्न - उस संप्लेशित रेशे का नाम बताइए जिसका तार इस्पात के तार से भी मजबुत होता है।**

उत्तर - नाइलॉन।

**प्रश्न - पेट (PET) क्या है ?**

उत्तर - एक बहुत सुपरिचित प्रकार का पॉलिएस्टर है। जिसका उपयोग बोतले , बर्तन , फिल्म , तार और अन्य उपयोगी उत्पादों के निर्माण के लिए किया जाता है।

**प्रश्न - संश्लेषित रेशों के एक हानिकारक गुण लिखिए।**

उत्तर - संश्लेषित रेशों से बने वस्त्र में यदि आग लग जाए तो कपडा और पहनने वाले व्यक्ति के शरीर से चिपक जाता है।

**प्रश्न - ऐक्रिलिक क्या है ?**

उत्तर - ऐसे ऊन जो प्राकृतिक स्रोतो से न प्राप्त कर संश्लेषित किए जाते है उन्हें ऐक्रिलिक कहते है। इनसे ऊनी वस्त्र बनाए जाते है।

**प्रश्न - संश्लेषित रेशों के गुण लिखिए ।**

उत्तर - संश्लेषित रेशों के गुण निम्नलिखित है।
(i) ये शीघ्र सुखते है।

(ii) अधिक चलाऊ , कम महॅगे और असानी से उपलब्ध होते है।
(iii) ये रख रखाव में सुविधाजनक होते है।

**प्रश्न - प्लास्टिक कितने प्रकार के होते है ?**

उत्तर - 1. थर्मोप्लास्टिक  2. थर्मोसेंटिंग प्लास्टिक

**प्रश्न - बैकेलाइट क्या है ? इसके दो उपयोग लिखिए।**

उत्तर - बैकेलाइट थर्मोसेंटिंग प्लास्टिक है जो उष्मा और विद्युत का कुचालक होता है । इसलिए इसका उपयोग बिजली के स्विच और बर्तनों के हत्थे बनाने में किया जाता है।

**प्रश्न - सबसे अधिक उष्मा सहने की क्षमता वाले प्लास्टिक का नाम लिखिए ।**

उत्तर - मेलामाइन।

**प्रश्न - खाद्य पदार्थो के संचयन हेतु प्लास्टिक पात्रों के उपयोग के तीन प्रमुख लाभ बताइए।**

उत्तर - प्लास्टिक पात्र सबसे सुविधाजनक होते है क्योंक उनका भार हल्का होता है। कम किमत , अच्छा सामथ्र्य और उपयोग में आसानी होती है।

प्रश्न: थर्मोप्लास्टिक और थर्मो सेटिंगप्लास्टिक में अन्तर स्पष्ट कीजिए |

उत्तर:

| थर्मोप्लास्टिक | सेटिंगप्लास्टिक |
|---|---|
| 1. ये गर्म करने पर विकृत हो जाते हैं \|<br>2. ये सरलतापूर्वक मुड़ जाते हैं \|<br>3. इनका उपयोग खिलौने और बर्तनों के बनाने में किया जाता है \| | 1. ये गर्म करने पर विकृत नहीं होते है \|<br>2. ये मुड़ते नहीं है\|<br>3. इनसे बर्तनों के हत्थे जैसा गर्मी सहने वाला समान बनाए जाते है |

**प्रश्न - समझाइए कि डेंगची के हत्थे थर्मोसेंटिंग प्लास्टिक से क्यों बनाए जाते है ?**

उत्तर - इनमें उष्मा सहने की क्षमता अधिक होती है और गर्म होने पर ये नर्म नहीं होते है।

**प्रश्न - आग बुझाने वाले कर्मचारियों के परिधानों पर किस पदार्थ की परत चढी होती है और क्यो ?**

उत्तर - मेलामाइन की , क्योंकि ये आग का प्रतिरोधक है।

**प्रश्न - जैव निम्नीकरणीय और जैव अनिम्नीकरणीय में क्या अंतर है।**

उत्तर - जो पदार्थ प्राकृतिक प्रक्रिया , जैसे जीवाणु की क्रिया द्वारा अपधटित हो जाता है जैव निम्नीकरणीय कहलाता है जैसे - फलों और सब्जियों के छिलके , कागज और खाद्य पदार्थ आदि। जो पदार्थ प्राकृतिक प्रक्रिया , द्वारा असानी से अपधटित नहीं होते है जैव अनिम्नीकरणीय कहलाते है जैसे - प्लास्टिक, पोलीथीन आदि ।

## प्रश्नोत्तर:

**Q1. दो प्राकृतिक रेशों का नाम बताइए |**

**Q2. तीन सश्लेषित रेशों का नाम बताइए |**

**Q3.** थर्मोसेटिंग प्लास्टिक का उपयोग बिजली के स्विच, बर्तनों के हत्थे आदि बनाने में क्यों उपयोग किया जाता है ?

**Q4.** मेलामाइन का एक गुण लिखिए |

**Q5.** खाद्य सामग्री के संचयन के लिए प्लास्टिक पात्र सुविधाजनक क्यों लगते हैं ?

**Q6.** कारण दीजिए |

**(i)** प्लास्टिक का संक्षारण नहीं होता |

**(ii)** बिजली के तार प्लास्टिक से ढके रहते हैं |

**(iii)** धातुओं के मुकाबले प्लास्टिक का अधिक उपयोग है |

**Q7.** ऐक्रीलिक क्या है ?

**Q8.** बहुलक किसे कहते है ? दो बहुलकों के नाम दीजिए |

**Q9.** नायलॉन का तीन उपयोग बताइए |

**Q10.** संश्लेषित रेशों का हानिकारक गुण बताइए |